**Ans. (d) :** ई. राशन कार्ड सेवा सर्वप्रथम दिल्ली में 27 मार्च, 2015 को प्रारम्भ हुई। यह एक ऐसी सुविधा है जिसके माध्यम से राज्य के किसी भी निवासी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करके राशन कार्ड प्राप्त किया जा सकता है तथा खाद्यान्न की उपलब्धता व लागत की जानकारी ली जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य राशन कार्ड वितरण की समस्या का समाधान करना तथा गरीबों की खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। यह योजना पारदर्शिता को बढ़ावा देकर भ्रष्टाचार कम करने में मदद करेगी।

**116. Which of the following is not one of the twelve 'HRIDAY' cities chosen for holistic development of heritage cities?**
**निम्नलिखित में से कौन विरासत शहरों के समग्र विकास के लिए चुने गए बारह 'हृदय' (HRIDAY) शहरों में से नही है?**
(a) Agra/आगरा
(b) Gaya/गया
(c) Puri/पुरी
(d) Warangal/वारंगल

**Ans. (a) :** दिये गये विकल्पों में गया, पुरी व वारंगल शहर को विरासत शहरों के समग्र विकास के लिए हृदय (HRIDAY) योजना के अन्तर्गत शामिल किया गया है जबकि आगरा शहर को इसमें शामिल नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने नेशनल हेरीटेज सिटी डेवलपमेंट एंड ऑगमेंटेशन योजना (HRIDAY) की शुरुआत 21 जनवरी 2015 को की थी। इसका लक्ष्य देशभर में मौजूद ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण तथा उनका पुनरुद्धार आदि करना है। इसके तहत 12 शहरों का चयन किया गया है जो निम्न हैं - वाराणसी, मथुरा, पुरी, अजमेर, अमृतसर, अमरावती, बादामी, द्वारका, गया, कांचीपुरम, वेलकंन्नी, और वारंगल।

**117. The main objective of "Sangam Yojana" is-**
**''संगम योजना'' का मुख्य उद्देश्य है–**
(a) To increase welfare of handicapped person/ विकलांगों की कल्याण वृद्धि करना
(b) To link rivers mutually/नदियों को परस्पर जोड़ना
(c) To make rivers pollution free नदियों को प्रदूषण मुक्त करना
(d) To enhance national integrity राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना

**Ans. (a) :** संगम योजना का मुख्य उद्देश्य ''विकलांगों की कल्याण वृद्धि'' करने से है। यह योजना 15 अगस्त 1996 को प्रारंभ की गई थी। इसके तहत् ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विकलांग व्यक्तियों को समूहों में संगठित करके आर्थिक गतिविधियाँ सम्पन्न करने हेतु 15000 रूपये की सहायता प्रदान करने का प्रावधान था।

**118. Which among the following states was awarded as the best training state for "Van Dhan Yojana" by the Government of India in August 2021?**
**निम्नलिखित में से किस राज्य को अगस्त 2021 में भारत सरकार द्वारा ''वन धन योजना'' के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण राज्य के रूप में सम्मानित किया गया?**
(a) Nagaland/नागालैण्ड
(b) Mizoram/मिजोरम
(c) Meghalaya/मेघालय
(d) Madhya Pradesh/मध्य प्रदेश

**Ans. (a) :** अगस्त, 2021 में नागालैण्ड राज्य को भारत सरकार द्वारा ''वन धन योजना'' के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण राज्य के रूप में सम्मानित किया गया। इस दौरान नागालैण्ड को विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वन धन विकास योजना के तहत 7 राष्ट्रीय पुरस्कार मिले।
◆ वन धन योजना की शुरूआत 14 अप्रैल, 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय आबादी का आर्थिक विकास करना है।


GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

119. **A Pan-India Campaign 'Ek Pahal' launched on September 17, 2021 was related to-**
**17 सितम्बर 2021 को शुरू किया गया अखिल भारतीय अभियान 'एक पहल' संबंधित था–**
(a) Justice delivery at doorstep/न्याय आपके द्वार से
(b) Vaccination/टीकाकरण से
(c) Swachh Bharat, Swasth Bharat
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत से
(d) Use of Green Energy/हरित ऊर्जा के प्रयोग से

**Ans. (a) :** 17 सितम्बर, 2021 को शुरू किया गया अखिल भारतीय अभियान 'एक पहल' न्याय आपके द्वार से संबंधित था। यह अभियान कानून और न्याय मंत्रालय तथा नालसा द्वारा शुरू किया गया। ''एक पहल'' अभियान का मुख्य उद्देश्य कानूनी सहायता को मुख्य धारा में लाना और प्रत्येक नागरिक तक न्याय की पहुँच को सुलभ बनाना है। इस अभियान के तहत लोगों को टेली-लॉ इनीशिएटिव के तहत पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित भी किया जायेगा।

120. **Which of the countries is signatory to the Abraham Accord?**
**निम्नलिखित में से कौन-कौन से देश अब्राहम समझौता (Abraham Accord) के हस्ताक्षरकर्ता हैं?**
(a) Israel, Saudi Arabia, Egypt, Jordan
इजरायल, सऊदी अरब, मिस्र, जॉर्डन
(b) Israel, United Arab Emirates, Egypt Bahrain Libya
इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र बहरीन, लीबिया
(c) Israel, United Arab Emirates, Bahraim
इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन
(d) Israel, Sudan Afghanistan, Pakistan
इजरायल, सूडान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान

**Ans. (c) :** खाड़ी क्षेत्र के दो देशों बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात ने इजरायल के साथ 'अब्राहम समझौता' पर हस्ताक्षर किये हैं। 13 अगस्त 2020 को इजरायल-यूएई शांति समझौते की घोषणा के बाद 11 सितम्बर 2020, को बहरीन-इजरायल समझौते की घोषणा की गई थी। 'अब्राहम समझौता इजरायल और अरब देशों के बीच पिछले 26 वर्षों में पहला शांति समझौता है। गौरतलब है कि इससे पहले 1994 में इजरायल और जार्डन के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये गये थे। अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार, यह समझौता पूरे अरब क्षेत्र में व्यापक शांति स्थापना के लिए एक नींव का काम करेगा। इजरायल-यूएई-बहरीन शांति समझौते के अनुसार यूएई और बहरीन द्वारा इजरायल में अपने दूतावास स्थापित करने के साथ पर्यटन, व्यापार, स्वास्थ्य और सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग को बढ़ावा दिया जायेगा।

121. **As per the SDG India Index and Dashboard 2020-21 published by the NITI Aayog of India, which one of the following state was not among the top ten states in their performance regarding Sustainable Development Goals?**
**भारतीय नीति आयोग द्वारा प्रकाशित एस.डी.जी. इंडिया इंडेक्स एवं डैशबोर्ड 2020-21 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन सा राज्य सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित अपने प्रदर्शन में शीर्ष दस राज्यों में सम्मिलित नहीं था?**
(a) Punjab/पंजाब (b) Sikkim/सिक्किम
(c) Uttrakhand/उत्तराखंड (d) Goa/गोवा

**Ans. (a) :** नीति आयोग द्वारा वार्षिक आधार पर प्रकाशित सतत् विकास लक्ष्य भारत (S.D.G India) इंडेक्स एवं डैशबोर्ड 2020-21 के अनुसार पंजाब राज्य अपने प्रदर्शन में शीर्ष दस राज्यों में सम्मिलित नहीं है केरल राज्य को शीर्ष स्थान जबकि बिहार को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है। तथा केन्द्रशासित प्रदेश में चंडीगढ़ शीर्ष पर है।उत्तर प्रदेश 60 स्कोर के साथ 22 वें स्थान पर संयुक्त रूप से अरुणाचल प्रदेश मेघालय तथा राजस्थान के साथ है। इनके साथ U.P. परफार्मर राज्यों में शामिल है। सतत विकास लक्ष्य भारत सूचकांक 3.0 (SDG India Index 3.0) के तहत 16 SDGs (16 गोल और 115 टारगेट) में प्रदर्शन के आधार पर राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को रैंक प्रदान की गई है। नीति आयोग SDG इंडेक्स वर्ष 2018 से जारी कर रहा है।

122. **Where in India, the first rubber based tyre metro is being built?/भारत में, पहला रबर टायर आधारित मेट्रो कहाँ बनाया जा रहा है?**
(a) Ahmednagar/अहमदनगर (b) Surat/सूरत
(c) Vadodara/वडोदरा (d) Nasik/नासिक

**Ans. (d) :** भारत में पहला **रबर टायर** आधारित मेट्रो नासिक (महाराष्ट्र) में बनाया जा रहा। रबर टायर आधारित मेट्रो प्रौद्योगिकी का सर्वप्रथम प्रयोग पेरिस मेट्रो में किया गया। पहली सम्पूर्ण रूप से रबर टायर आधारित मेट्रो कनाडा (मॉण्ट्रियल) में चलायी गयी। टायर आधारित मेट्रो परिचालन को 'नियो मेट्रो' नाम दिया गया है।

## विविध

123. **Headquarters of International Potato Centre (CIP) is situated in- /अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (सी.आई.पी.) का मुख्यालय स्थित है-**
(a) Lima, Peru/लीमा, पेरू
(b) Shimla, India/शिमला, भारत
(c) Dakar, Senegal/डैकर, सेनेगल
(d) Dublin, Ireland/डबलिन, आयरलैंड

**Ans. (a) :** अन्तर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र (सी.आई.पी) का मुख्यालय पेरू की राजधानी लीमा में स्थित है। जबकि राष्ट्रीय आलू अनुसंधान केन्द्र हिमाचल प्रदेश के कुफरी (शिमला) में स्थित है। ध्यातव्य है कि अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान का दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सेंटर उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में स्थित है।

124. **Which of the following schemes are related to the skill development?**
**निम्न में से कौन-सी योजनाएं कौशल विकास से सम्बंधित हैं?**
**(1)** STRIDE/स्ट्राइड **(2)** STRIVE/स्ट्राइव
**(3)** SANKALP/संकल्प **(4)** SHREYAS/श्रेयस
**Select the correct answer using code given below-**
**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) (1) and (2) only/केवल (1) तथा (2)
(b) (3) and (4) only/केवल (3) तथा (4)
(c) (2), (3) and (4) only/केवल (2), (3) तथा (4)
(d) (1), (2), (3) and (4) only
केवल (1), (2), (3) तथा (4)



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**Ans. (c) :** स्ट्राइव, संकल्प एवं श्रेयस कौशल विकास से सम्बंधित योजनाएँ हैं। जबकि विश्वविद्यालय आयोग (UGC) की स्ट्राइड (STRIDE-Scheme for Trans-disciplinary Research for India's Developing Economy) योजना का उद्देश्य देश में युवाओं में अनुसंधान (Research) की संस्कृति को बढ़ावा देना है। ज्ञातव्य है कि स्ट्राइव (STRIVE- Skill Strengthening for Industrial value Enhancement) योजना विश्व बैंक से सहायता प्राप्त भारत सरकार की परियोजना है, जिसका उद्देश्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई टी आई) और शिक्षुओं के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण की प्रासंगिकता और दक्षता में सुधार करना है। संकल्प (Skills Acquisition and Knowledge Aware ness for Livelihood-SANKALP) योजना एवं श्रेयस (Scheme for Higher Education Youth in Apprenticeship) योजना युवाओं में कौशन क्षमता का विकास करती है।

**125. Who publishes Global Climate Risk index Report?/वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक किस संगठन द्वारा प्रकाशित किया जाता है?**

(a) United Nations Environment Programme
संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम

(b) Germanwatch/जर्मनवॉच

(c) World Meteorological Organisation
विश्व मौसम विज्ञान संगठन

(d) World Bank/विश्व बैंक

**Ans. (b) :** वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक 'जर्मनवॉच' द्वारा प्रकाशित किया जाता है। वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक विश्व के विभिन्न देशों और भू-भागों में जलवायु संबंधित मौसमी घटनाओं यथा-तूफान, बाढ़, लू या गर्म हवाओं (Heat weaves) आदि के द्वारा हुई क्षति का आकलन करता है। वैश्विक जलवायु जोखिम सूचकांक (GCRI: Global Climate Risk Index), 2021 के अनुसार वर्ष 2019 में प्रतिकूल मौसमी घटनाओं से सर्वाधिक प्रभावित शीर्ष 10 देशों में भारत 7 वें स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 के दौरान मोजाम्बिक, जिम्बाब्वे और बाहामास प्रतिकूल मौसमी घटनाओं से सर्वाधिक प्रभावित हुए।

**126. Which one of the following book by former RBI Governor, Bimal Jalan was published in July, 2021?/आर.बी.आई. के पूर्व गवर्नर, बिमल जालान की निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक जुलाई, 2021 में प्रकाशित हुई थी?**

(a) The future of India/द फ्यूचर ऑफ इंडिया

(b) India's Politics/इंडियास पॉलिटिक्स

(c) Emerging India/इमर्जिंग इंडिया

(d) The India Story/द इंडिया स्टोरी

**Ans. (d) :** रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के पूर्व गवर्नर बिमल जालान की पुस्तक 'द इंडिया स्टोरी' जुलाई, 2021 में प्रकाशित हुई। इस पुस्तक का केन्द्र बिंदु भारत का आर्थिक इतिहास एवं उद्देश्य तथा भारत के भविष्य की आर्थिक राजनीति (Political Economy) की सीख देना है। प्रश्नगत अन्य पुस्तकें 'द फ्यूचर ऑफ इंडिया', 'इंडियास पॉलिटिक्स' एवं 'इमर्जिंग इंडिया' भी श्री बिमल जालान द्वारा लिखी गई हैं।

**127. The Disaster Management Act was passed by the Parliament of India in-**
**भारत की संसद द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम पारित हुआ-**

(a) 2001 में (b) 2005 में
(c) 2009 में (d) 2013 में

**Ans. (b) :** भारत की संसद द्वारा आपदा प्रबंधन अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया। इस अधिनियम के माध्यम से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) का गठन किया गया जो कि आपदाओं के प्रति समय पर और प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए नीतियां योजनाएं तथा दिशा-निर्देश तैयार करने हेतु एक शीर्ष निकाय है।

**128. Arrange the following seasons in Chronological order accounting to Hindu Calendar:**
**निम्न ऋतुओं को भारतीय कैलेन्डर के अनुसार कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**

(i) Autumn/शरद (ii) Summer/ग्रीष्म
(iii) Spring/बसंत (iv) Rainy/वर्षा

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(a) (ii), (iv), (iii) and (i)/(ii), (iv), (iii) और (i)

(b) (iii), (ii), (iv) and (i)/(iii), (ii), (iv) और (i)

(c) (iv), (ii), (i) and (iii)/(iv), (ii), (i) और (iii)

(d) (i), (iv), (ii) and (iii)/(i), (iv), (ii) और (iii)

**Ans. (b) :** भारतीय कैलेन्डर या भारतीय राष्ट्रीय पंचांग भारत में उपयोग किया जाने वाला सरकारी सिविल कैलेन्डर है। इसके अनुसार प्रश्न में दिए गए ऋतुओं का सही कालक्रम क्रमशः- बसंत, ग्रीष्म, वर्षा तथा शरद है। भारतीय कैलेन्डर शक संवत् पर आधारित है और ग्रेगेरियन कैलेन्डर के साथ-साथ 22 मार्च 1957 से अपनाया गया है। चैत्र इस कैलेन्डर का प्रथम माह जबकि 'फाल्गुन' अंतिम माह है।

**129. 'Djibouti' Code of Conduct is related to-**
**'जिबूती' आचार संहिता संबंधित है-**

(a) Conservation of Congo basin
कांगो द्रोणी का संरक्षण

(b) International Maritime Group against piracy
समुद्री डकैतों के विरुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय समूह

(c) Charter of ethics/नैतिकता का घोषणा पत्र

(d) Principles for conducting nuclear test
परमाणु परीक्षण संचालन सिद्धांत

**Ans. (b) :** 'जिबूती' आचार संहिता का संबंध 'समुद्री डकैती के विरुद्ध अन्तर्राष्ट्रीय समूह' से है। पश्चिमी हिंद महासागर क्षेत्र, अदन की खाड़ी और लाल सागर में समुद्री जहाजों पर होने वाली चोरी और सशस्त्र डकैती का मुकाबला करने के लिए जिबूती आचार संहिता (DCOC- Djibouti Code of Conduct) को 29 जनवरी 2009 को अपनाया गया।
वर्ष 2017 में जिबूती आचार संहिता में सऊदी अरब के जेद्दा में संशोधन हेतु अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसे 'जेद्दा संशोधन' के नाम से जाना जाता है। इसी संशोधन में 'ब्लू इकोनॉमी' की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारा गया।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

130. 'Jhini Jhini Bini Chadariya,' a famous Novel of his times is written by-
**अपने समय का चर्चित उपन्यास 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' के लेखक हैं-**

(a) Kashi Nath Singh/काशी नाथ सिंह
(b) Neerja Jadhav/नीरजा जाधव
(c) Abdul Bismillah/अब्दुल बिस्मिल्लाह
(d) Ajay Mishra/अजय मिश्र

**Ans. (c) :** अपने समय का चर्चित उपन्यास 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' के लेखक अब्दुल बिस्मिल्लाह हैं। यह उपन्यास बनारस के साड़ी बुनकरों की जिन्दगी पर आधारित है। इनकी रचनाएँ इस प्रकार हैं- अपवित्र आख्यान, मुखड़ा क्या देखे, समर शेष है, जहरबाद, दंतकथा, अतिथि देवो भव, रैन बसेरा, शादी का जोकर, टूटा हुआ पंख, कितने-कितने सवाल इत्यादि

131. **Which of the following pair/s is/are correctly matched?/निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं?**

| | | |
|---|---|---|
| (1) Beet | – | Sugar |
| चुकन्दर | – | चीनी |
| (2) Honey | – | Glucose and Fructose |
| शहद | – | ग्लूकोज और फ्रक्टोस |
| (3) Cotton | – | Cellulose |
| कपास | – | सेल्यूलोस |
| (4) Milk | – | Lactose |
| दुग्ध | – | लैक्टोस |

**Select the correct answer using the code given below-/नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए–**

**Code-/कूट-**

(a) Only (1), (2) and (3)/केवल (1), (2) और (3)
(b) Only (2), (3) and (4)/केवल (2), (3) और (4)
(c) Only (1), (2) and (4)/केवल Only (1), (2) और (4)
(d) (1), (2), (3) and (4)/केवल (1), (2), (3) और (4)

**Ans. (d) :** दिये गये सभी युग्म सही सुमेलित हैं-

| | | |
|---|---|---|
| चुकन्दर | – | चीनी |
| शहद | – | ग्लूकोज और फ्रक्टोस |
| कपास | – | सेल्यूलोस |
| दुग्ध | – | लैक्टोस |

132. **India Urban Observatory is situated at which one of the following place?**
**भारत शहरी वेधशाला (ऑब्जर्वेटरी) निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?**

(a) Dehradun/देहरादून
(b) New Delhi/नई दिल्ली
(c) Chandigarh/चंडीगढ़
(d) Varanasi/वाराणसी

**Ans. (b) :** भारत शहरी वेधशाला (ऑब्जर्वेटरी) की स्थापना शहरी एवं आवास मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में की गयी है। यह वेधशाला शिक्षाविदों, उद्योगों और सरकारों के लिए विश्लेषण के माध्यम से डेटा उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा तथा उपयोगकर्ताओं को अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

133. **Match List-I with List-II and select the correct answer using the code given below-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

| List-I/सूची-I (Fruit/फल) | | List-II/सूची-II (Largest Producer/सबसे बड़ा उत्पादक) |
|---|---|---|
| A. Mango/आम | 1. | Jammu and Kashmir / जम्मू और कश्मीर |
| B. Litchi/लीची | 2. | Kerala/केरल |
| C. Coconut/नारियल | 3. | Bihar/बिहार |
| D. Apple/सेब | 4. | Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश |

**Code-/कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है–

| **सूची–I (फल)** | | **सूची-II (सर्वाधिक उत्पादन)** |
|---|---|---|
| आम | – | उत्तर प्रदेश |
| लीची | – | बिहार |
| नारियल | – | केरल |
| सेब | – | जम्मू और कश्मीर |

134. **Which of the following is related to Brent Index?**
**निम्नलिखित में से कौन ब्रेंट इंडेक्स से संबंधित है?**

(a) Crude oil prices/कच्चे तेल की कीमतें
(b) Copper future Prices/तांबे की भविष्य की कीमतें
(c) Gold future prices/सोने की भविष्य की कीमतें
(d) Shipping rate Index/शिपिंग दर सूचकांक

**Ans. (a) :** ब्रेंट इंडेक्स, कच्चे तेल की कीमतों से संबंधित है। ब्रेंट क्रूड, स्वीट लाइट क्रूड ऑयल का एक व्यापारिक वर्गीकरण है, जो दुनियाभर में तेल खरीदने के लिए एक प्रमुख बेंचमार्क के रूप में कार्य करता है। यह उत्तरी सागर से प्राप्त किया जाता है।

135. **Which of the following is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| | (Language)/(भाषा) | (Country)/(देश) |
|---|---|---|
| (a) | Danish/डेनिश | Denmark/डेनमार्क |
| (b) | Dutch/डच | Netherland/नीदरलैंड |
| (c) | Mandarin/मंदारिन | China/चीन |
| (d) | Bahasa/बहासा | Thailand/थाईलैंड |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**Ans. (d) :** सही सुमेलित हैं–

| **( भाषा )** | | **( देश )** |
|---|---|---|
| डेनिश | – | डेनमार्क |
| डच | – | नीदरलैण्ड |
| मंदारिन | – | चीन |
| थाई | – | थाईलैण्ड |

• ध्यातव्य है कि बहासा, इण्डोनेशिया की आधिकारिक भाषा है।

**136. 'DAVINCI+' and 'VERITAS'-two new mission announced by NASA, are related to-**
**'DAVINCI+' और 'VERITAS'- नासा द्वारा घोषित दो नए मिशन, संबंधित हैं–**

(a) Moon/चाँद (b) Venus/शुक्र
(c) Mars/मंगल (d) Jupiter/बृहस्पति

**Ans. (b) :** डेविंसी प्लस (DAVINCI+) और वेरीटास (VERITAS)- नासा द्वारा घोषित दो नए मिशन "शुक्र ग्रह" से संबंधित हैं। यह मिशन 2 जून, 2021 को शुक्र ग्रह के अध्ययन के लिए नासा द्वारा घोषित हुआ। इस मिशन का उद्देश्य यह जानकारी प्राप्त करना है कि शुक्र ग्रह कैसे एक गर्म बंजर ग्रह में परिवर्तित हो गया। यह मिशन संभवतः 2028 से 2030 की अवधि के दौरान लॉन्च किया जायेगा।

- नासा (NASA- National Aeronautics and Space Administration) संयुक्त राज्य अमेरिका की एक स्वतंत्र संस्था है जो छोड़े गये उपग्रह की सहायता से अंतरिक्ष एवं ग्रहों पर खोज व अनुसंधान करती है। नासा की स्थापना 29 जुलाई, 1958 को हुई थी। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में स्थित है।

**137. Mitali Express runs between which two cities?**
**मिताली एक्सप्रेस किन दो शहरों के बीच चलती है?**

(a) Dhaka – Guwahati/ढाका – गुवाहाटी
(b) Dhaka-Chattgaon/ढाका – चटगाँव
(c) Dhaka-Kolkata/ढाका – कोलकाता
(d) Dhaka-New jalpaiguri/ढाका-न्यू जलपाईगुड़ी

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 'मिताली एक्सप्रेस' नामक नई यात्री ट्रेन का उद्घाटन किया है। यह ट्रेन चिलाहाटी- हल्दीवाड़ी रेल लिंक के माध्यम से ढ़ाका को पश्चिम बंगाल के न्यूजलपाईगुड़ी से जोड़ती है। मैत्री एक्सप्रेस(ढ़ाका-कोलकाता) और बंधन एक्सप्रेस (खुलना-कोलकाता) के बाद यह तीसरी यात्री ट्रेन शुरू की गयी है।

**138. Traditional Folk-drama "Bhand-Pather" is related to which State/Union Territories?**
**पारंपरिक लोक-नाट्य ''भांड-पाथर'' किस राज्य केन्द्र शासित प्रदेश से संबंधित है?**

(a) Jammu and Kashmir/जम्मू-कश्मीर
(b) Gujarat/गुजरात
(c) Uttar Pradesh/उत्तर प्रदेश
(d) Assam/असम

**Ans. (a) :** पारम्परिक लोक-नाट्य 'भांड-पाथर' जम्मू-कश्मीर से संबंधित है। 'भांड-पाथर' लोक रंगमंच का एक लोकप्रिय रूप है। 'भांड' शब्द का अर्थ होता है 'मसखरा', जबकि पाथर का अर्थ है 'नाटक'। यह विशेष रूप से भांड समुदाय से जुड़ा हुआ है। भांड पाथर के पात्रों में मसखरों का किरदार महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वे दैनिक जीवन में असामाजिक और भ्रष्ट कार्य प्रणाली पर व्यंग्य करने में प्रधान भूमिका निभाते हैं। भांड प्रदर्शन आमतौर पर राज दरबारों की साजिशों, सरकारी निकायों (संस्थाओं) द्वारा शोषण, धार्मिक नेताओं के भ्रष्टाचार पर केन्द्रित होते हैं।

**139. Which of the following is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

(a) Primary Energy-Tidal Power
प्राथमिक ऊर्जा–ज्वारीय शक्ति
(b) Commercial Energy-Oil and Gas
वाणिज्यिक ऊर्जा–तेल और गैस
(c) Non-Commercial Energy-Animal Dung
गैर–वाणिज्यिक ऊर्जा–जानवरों का गोबर
(d) Non-conventional Energy-Solar Energy
गैर–पारंपरिक ऊर्जा–सौर ऊर्जा

**Ans. (a) :** प्राथमिक ऊर्जा के अन्तर्गत ऐसी ऊर्जा को शामिल किया जाता है, जो प्राकृतिक रूप से मौजूद हो तथा उसे मानव द्वारा दूसरे रूप में संशोधित नहीं किया गया हो। प्राथमिक ऊर्जा संसाधनों के उदाहरण के अन्तर्गत नवीकरणीय संसाधन में पवन एवं सौर को शामिल किया जाता है तथा गैर-नवीकरणीय ऊर्जा के तहत जीवाश्म ईंधन को रखा जाता है।

**140. Consider the following events and arrange these in chronological order–**
**निम्नलिखित घटनाओं (योजनाओं) पर विचार कीजिए और कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए–**

**I Launching of community Development Programme (CDP)**
**सामुदायिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत (सी.डी.पी)**
**II Recommendation of Democratic Decentralization**
**प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण की संस्तुति**
**III Initiation of Key village Scheme (KVS)**
**की विलेज स्कीम की शुरुआत (के.वी.एस.)**
**IV Setting up of District Rural Development Agency (DRDA) at district level**
**जिला ग्राम्य विकास अभिकरण (डी.आर.डी.ए.) की जिला स्तर पर स्थापना**

**Select Correct answer from the code given below–**
**नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) I, II, III, IV (b) II, I, III, IV
(c) III, I, II, IV (d) IV, III, II, I

**Ans. (c) :** दिये गये घटनाओं (योजनाओं) का सही कालक्रम निम्न प्रकार है–

| **(योजना)** | **(वर्ष)** |
|---|---|
| की विलेज स्कीम (कुंजी ग्राम योजना) | अगस्त, 1952 |
| सामुदायिक विकास कार्यक्रम | 2 अक्टूबर, 1952 |
| प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीकरण की संस्तुति | जनवरी 1958 |
| जिला ग्राम्य विकास अभिकरण | अप्रैल 1999 |



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

# उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्री) परीक्षा 2021
## सामान्य हिन्दी
### हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 5 दिसम्बर, 2021)
### (अध्यायवार विश्लेषण सहित व्याख्या)

**1. 'नैसर्गिक' का विपरीतार्थक शब्द है-**
(a) अनुर्वर (b) आविर्भाव
(c) प्राकृत (d) कृत्रिम

**Ans. (d) :** नैसर्गिक का विपरीतार्थक शब्द कृत्रिम होगा।
**विपरीतार्थक शब्द –** वे शब्द जो किसी अन्य शब्द के सर्वदा विपरीत अर्थ को प्रकट करते हैं, विपरीतार्थक शब्द कहलाते हैं। अन्य शब्द के विपरीतार्थक शब्द इस प्रकार हैं-

| शब्द | विपरीतार्थक |
|---|---|
| अनुर्वर | उर्वर |
| आविर्भाव | तिरोभाव |
| वृष्टि | अनावृष्टि |
| सकाम | निष्काम |

**2. एक की वर्तनी शुद्ध है-**
(a) अधिकारिक (b) आधिकारिक
(c) अधिकारक (d) अधीकारिक

**Ans. (b) :** 'आधिकारिक' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है। जबकि अन्य विकल्प वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध हैं।

**3. 'वह कवि जो तत्काल कविता करे, के लिए एक शब्द है-**
(a) सुकवि (b) रससिद्ध कवि
(c) महाकवि (d) आशुकवि

**Ans. (d) :** 'वह कवि जो तत्काल कविता करे, के लिए एक शब्द 'आशुकवि' होगा। अन्य वाक्यांश इस प्रकार हैं–
जो पुस्तकों की समीक्षा करता है - समीक्षक
जिसकी बुद्धि कुश के अग्र की तरह पैनी हो - कुशाग्रबुद्धि
जो किसी की ओर से है - प्रतिनिधि

**4. इनमें से 'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द है -**
(a) विपुला (b) शर्वरी
(c) धेनुका (d) पयस्विनी

**Ans. (a) :** 'वसुधा' का पर्यायवाची शब्द विपुला है।
वसुधा के अन्य पर्यायवाची शब्द – भू, इला, भूमि, धरती, धरित्री, धरणी, वसुंधरा है।

**5. 'कर्पट' का तद्भव रूप है -**
(a) कपट (b) कारपेट
(c) कपूर (d) कपड़ा

**Ans. (d) :** 'कर्पट' का तद्भव रूप 'कपड़ा' है।
**शब्द –** ध्वनियों के मेल से बने सार्थक वर्ण समुदाय शब्द कहलाते हैं। उत्पत्ति की दृष्टि से शब्द चार प्रकार के होते हैं- (1) तत्सम, (2) तद्भव, (3) देशज, (4) विदेशी
**तत्सम शब्द –** किसी भाषा के वे मूल शब्द जो संस्कृत से होते हुए ज्यों के त्यों हिन्दी में आए हैं तत्सम शब्द कहलाते हैं।
जैसे- कर्पट, आम्र, पुष्प, मयूर, चत्वारि, खर्पर आदि।

**6. इनमें से 'खेलना' शब्द से बना विशेषण है -**
(a) दयालु (b) कृपालु
(c) खिलाड़ी (d) धार्मिक

**Ans. (c) :** 'खेलना' शब्द से बना विशेषण 'खिलाड़ी' होगा।
**विशेषण-** जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए उसे विशेषण कहते हैं।
सार्वनामिक विशेषण– यह, वह, कोई, ऐसा, जैसा इत्यादि।
गुणवाचक विशेषण–नया, पुराना, झूठा, सफेद, पीला, चौड़ा इत्यादि।
संख्यावाचक विशेषण– चार, कुछ, तीस, सब, तीनों, चारों इत्यादि।
परिमाण बोधक विशेषण – दो सेर, सब धन, दस हाथ, चार गज इत्यादि।

**7. 'चन्द्रहास' का पर्यायवाची शब्द है-**
(a) तीर (b) तलवार
(c) भाला (d) धनुष-बाण

**Ans. (b) :** चन्द्रहास का पर्यायवाची शब्द तलवार है। चन्द्रहास के अन्य पर्यायवाची शब्द–करवाल, खड्ग, असि, कटार, कृपाण आदि।
तीर का पर्यायवाची शब्द– आशुग, इषु, नाराच, शर, शायक, बाण।
भाला का पर्यायवाची शब्द– बर्छा, कुंत, शलाका।

**8. निम्नलिखित में से एक शब्द विशेषण नहीं है-**
(a) अकूत (b) अचार
(c) अकर्ण (d) अचंड

**Ans. (b) :** 'अचार' विशेषण शब्द नहीं है। जबकि अकूत, अकर्ण, अचंड विशेषण शब्द है।
**विशेषण-** जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताए विशेषण शब्द कहलाता है।
विशेषण चार प्रकार के होते हैं-
(1) सार्वनामिक विशेषण (2) गुणवाचक विशेषण (3) परिमाण वाचक विशेषण (4) संख्यावाचक विशेषण।


Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**9. 'सौ गुना लम्बा' में विशेषण का कौन सा भेद है?**

(a) गणनावाचक (b) क्रमवाचक
(c) आवृत्तिवाचक (d) सम्पूर्णतावाचक

**Ans. (c) :** 'सौ गुना लम्बा' में आवृत्तिवाचक विशेषण है।
**विशेषण-** जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता का बोध कराते हैं विशेषण शब्द कहलाते हैं।
विशेषण के चार भेद हैं- (1) सार्वनामिक (2) गुणवाचक (3) परिमाण वाचक (4) संख्यावाचक।
**संख्यावाचक विशेषण-** जिस विशेषण से संज्ञा की संख्या का बोध हो संख्यावाचक विशेषण कहलाते हैं। (क) गणनावाचक (ख) क्रमवाचक (ग) आवृत्तिवाचक (घ) समुदाय वाचक (ङ) प्रत्येक बोधक
**आवृत्ति वाचक विशेषण :-** जो संख्या वाचक विशेषण किसी संख्या की आवृत्ति को सूचित करता है। आवृत्ति वाचक विशेषण कहलाता है। जैसे- चार गुना, दोगुना, तीन गुना, सौ गुना आदि।

**10. 'सब कुछ जानने वाले' के लिए एक शब्द है-**

(a) ज्ञानी (b) महाज्ञानी
(c) सर्वज्ञ (d) जानकार

**Ans. (c) :** सब कुछ जानने वाले के लिए एक शब्द 'सर्वज्ञ होगा।
अन्य वाक्यांश एवं शब्द इस प्रकार हैं–
जो सबको समान भाव से देखता हो – समदर्शी
जो अक्षरों को पढ़ना-लिखना जानता हो – साक्षर
जो अपने आप से उत्पन्न हुआ हो – स्वयंभू
जो सब काम अपने भरोसे करता है - स्वावलंबी

**11. इनमें से 'प्रथम' का उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा-**

(a) प्रधान (b) गौण
(c) अंतिम (d) प्रत्यक्ष

**Ans. (c) :** 'प्रथम' का उपयुक्त विपरीतार्थ शब्द 'अंतिम' होगा।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| प्रधान | गौण |
| प्रथम | अंतिम |
| प्रत्यक्ष | अप्रत्यक्ष |
| प्रवर | अवर |

**12. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-**

(a) उसने मुक्तकण्ठ से बड़ाई की।
(b) उसने मुक्तहस्त धन लुटाया।
(c) समस्त प्राणिमात्र का कल्याण करो।
(d) आपकी आयु चालीस वर्ष है।

**Ans. (b) :** निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य 'उसने मुक्तहस्त धन लुटाया' होगा। बाकी विकल्प वाक्य की दृष्टि से अशुद्ध है।
अन्य वाक्यों के शुद्ध रूप निम्नलिखित है-
- उसने मुक्तकण्ठ प्रशंसा की।
- प्राणी मात्र का कल्याण करो।
- आपकी अवस्था चालीस वर्ष है।

**13. 'उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति' – इन अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है -**

(a) धरोहर (b) उत्तराधिकृत
(c) रिक्थ (d) परिसम्पत्ति

**Ans. (c) :** उत्तराधिकार में प्राप्त सम्पत्ति के लिए एक शब्द रिक्थ होगा।
वह मूल्यवान वस्तु जिस पर किसी का अधिकार हो - परिसम्पत्ति
किसी के पास रखी हुई दूसरे की वस्तु या द्रव्य - धरोहर

**14. 'चोर' का पर्यायवाची शब्द है-**

(a) खनक (b) उदक
(c) धूसर (d) थलचर

**Ans. (a) :** 'चोर' का पर्यायवाची शब्द 'खनक' है।
खनक– चोर, दस्यु, रजनीचर, खनक, मोषक, तस्कर, कुम्भिल, कंभिज
उदक – पानी, नीर, सलिल, अम्बु, तोय, पय, अमृत, सारंग।
धूसर – गदहा, खर, गर्दभ, वैशाखनन्दन, रासभ, चक्रीवान, गधा।

**15. 'पाण्डु' शब्द विशेषण की दृष्टि से है -**

(a) केवल विशेषण
(b) केवल विशेष्य
(c) विशेषण और विशेष्य दोनों
(d) उपर्युक्त में से एक भी नहीं

**Ans. (c) :** 'पाण्डु' शब्द विशेषण और विशेष्य दोनों हैं।
**विशेषण–** संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे – काला, मोटा, सुन्दर।
**विशेष्य–** जिसकी विशेषता बतलायी जाये, वह 'विशेष्य' कहलाता है। जैसे, राम, गाय, घोड़ा।

**16. निम्नलिखित में एक वर्तनी शुद्ध है-**

(a) नुपूर (b) स्मर्ण
(c) कवयित्री (d) परिस्थिती

**Ans. (c) :** कवयित्री शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है।

| अशुद्ध शब्द | शुद्ध शब्द |
|---|---|
| नुपूर | नूपुर |
| स्मर्ण | स्मरण |
| परिस्थिती | परिस्थिति |

**17. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है-**

(a) परिच्छा (b) परीच्छा
(c) परीक्षा (d) परिक्षा

**Ans. (c) :** 'परीक्षा' शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है-

| अशुद्ध शब्द | | शुद्ध शब्द |
|---|---|---|
| प्रत्युत् | - | प्रत्युत |
| भाग्यवान | - | भाग्यवान् |
| विधिवत | - | विधिवत् |
| श्रीमान | - | श्रीमान् |

**18. 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द होगा-**

(a) चकित (b) देखते रहना
(c) विपलक (d) निर्निमेष

**Ans. (d) :** 'बिना पलक झपकाए' के लिए एक शब्द 'निर्निमेष' होगा।
तर्क के द्वारा जो सम्मत है – तर्कसम्मत
जिसे नहीं जीता जा सके – अजेय
जो अनुकरण करने योग्य हो - अनुकरणीय



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

19. 'अनुरक्ति' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) आसक्ति (b) प्रशस्ति
(c) विरक्ति (d) प्रकृति

**Ans. (c) :** 'अनुरक्ति' का विपरीतार्थक शब्द 'विरक्ति' होगा।

| शब्द | विलोम |
|---|---|
| आसक्ति | अनासक्ति |
| प्रकृति | विकृति |
| अनेकता | एकता |
| अपकार | उपकार |

20. निम्नांकित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है-
(a) मैं अनेकों बार विदेश गया।
(b) इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।
(c) बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है।
(d) आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।

**Ans. (c) :** बिना टिकट यात्रा दण्डनीय है। यह वाक्य शुद्ध है।
अशुद्ध- मैं अनेकों बार विदेश गया।
शुद्ध – मैं अनेक बार विदेश गया।
अशुद्ध – इस हीरे का मूल्य नापा नहीं जा सकता।
शुद्ध – इस हीरे का मूल्य आँका नहीं जा सकता।
अशुद्ध – आप केवल इतना ही काम कर दीजिए।
शुद्ध – आप इतना ही काम कर दीजिए।

21. 'जो ईश्वर' में विश्वास रखता हो' के लिए एक शब्द है-
(a) आस्थावान (b) आस्तिक
(c) विश्वासी (d) मानस

**Ans. (b) :** 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' इसके लिए एक शब्द आस्तिक होगा।
आस्थावान – आस्था रखने वाला
विश्वासी – विश्वास किये जाने योग्य
सत्याग्रह – जो आग्रह सत्य हो

22. निम्नलिखित में 'विशेष्य' शब्द है-
(a) विपन्न (b) वादी
(c) विशिष्ट (d) मानस

**Ans. (d) :** 'मानस' विशेष्य शब्द है।
विशेष्य– जिसकी विशेषता बतायी जाये वह विशेष्य कहलाता है। जैसे- राम, गाय, घोड़ा।
विशेषण– संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे- काला, मोटा, सुन्दर।

23. 'अनुग्रह' का उपयुक्त' विपरीतार्थक शब्द होगा-
(a) विग्रह (b) आग्रह
(c) परिग्रह (d) संग्रह

**Ans. (a) :** 'अनुग्रह' का विपरीतार्थक शब्द 'विग्रह' होगा।

| शब्द | - | विलोम |
|---|---|---|
| आग्रह | - | अनाग्रह |
| परिग्रह | - | अपरिग्रह |
| संग्रह | - | विग्रह |

24. इनमें से विलोम शब्दों का एक सही युग्म है-
(a) आपत्ति - विपत्ति (b) अवर्षण – अनावर्षण
(c) गणतन्त्र – जनतन्त्र (d) आदृत – तिरस्कृत

**Ans. (d) :** आदृत – तिरस्कृत, विलोम शब्दों का एक सही युग्म है।

| शब्द | | विलोम |
|---|---|---|
| आपत्ति | - | संपत्ति |
| अवर्षण | - | वर्षण |
| गणतंत्र | - | राजतंत्र |
| स्त्री | - | पुरुष |
| गुण | - | अवगुण |

25. निम्नलिखित में 'हस्ती' किस शब्द का तत्सम रूप है?
(a) हाथ (b) हार
(c) हाथी (d) हँसी

**Ans. (c) :** 'हस्ती' हाथी शब्द का तत्सम रूप है।

| तत्सम | | तद्भव |
|---|---|---|
| हस्त | - | हाथ |
| हारि | - | हार |
| हास्य | - | हँसी |

26. 'आधुनिक' का विलोम है -
(a) समीचीन (b) अर्वाचीन
(c) प्राचीन (d) समसामयिक

**Ans. (c) :** आधुनिक का विलोम 'प्राचीन' है जबकि प्राचीन का विलोम नवीन, अर्वाचीन तथा आधुनिक होता है, तथा 'समीचीन' का विलोम शब्द 'असमीचीन' होगा।

27. 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' इस अनेक शब्दों के लिए एक शब्द है-
(a) युद्ध स्थित (b) युद्ध स्थिरी
(c) युधिष्ठिर (d) युद्ध प्रेमी

**Ans. (c) :** 'जो युद्ध में स्थिर रहता है' उसके लिए एक शब्द 'युधिष्ठिर' होगा।
अनेक शब्दों के लिए एक शब्द निम्न है-
जो क्षमा न किया जा सके - अक्षम्य
जिसका जन्म पसीने से हुआ हो - स्वेदज
जिसकी गर्दन सुन्दर हो - सुग्रीव

28. 'जीभ' का पर्यायवाची है-
(a) वचन (b) रसना
(c) ध्वनि (d) जीव

**Ans. (b) :** 'जीभ' का पर्यायवाची शब्द 'रसना' है। जीभ के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- जिह्वा, रसज्ञा, रसिका, जबान आदि।
'जीव' का पर्यायवाची शब्द – रूह, प्राण, आत्मा, जीवात्मा।
'ध्वनि' का पर्यायवाची शब्द – नाद, रव, स्वर, ताल, आवाज।
'वचन' का पर्यायवाची शब्द – आश्वासन, वादा, प्रण, प्रतिज्ञा।

29. 'प्रताप सिंह का घोड़ा काला है।' – इनमें 'काला' शब्द विशेषण की दृष्टि से है -
(a) सार्वनामिक (b) क्रमबोधक
(c) विधेय विशेषण (d) विशेष्य विशेषण


Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**Ans. (c) :** 'प्रताप सिंह का घोड़ा काला है' वाक्य में 'काला' शब्द विशेषण की दृष्टि से 'विधेय विशेषण' है।
विधेय विशेषण – जो विशेषण विशेष्य और क्रिया के बीच आये, वहाँ विधेय विशेषण होता है। जैसे- मेरा लड़का आलसी है।
विशेष्य विशेषण – जो विशेषण, विशेष्य से पहले आये, वहाँ विशेष्य विशेषण होता है, जैसे:- अनामिका सुन्दर लड़की है।

**30. 'प्रयागराज' में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है।' में दसवाँ शब्द है -**
(a) गणनावाचक विशेषण (b) क्रमवाचक विशेषण
(c) आवृत्तिवाचक विशेषण (d) समुदायवाचक विशेषण

**Ans. (b) :** प्रयागराज में दसवाँ व्यक्ति कोरोना पीड़ित है। में दसवाँ शब्द क्रमवाचक विशेषण है।
प्रयोग के अनुसार निश्चित संख्यावाचक विशेषण के निम्न प्रकार हैं-
गणनावाचक विशेषण – एक, दो, तीन
क्रमवाचक विशेषण – पहला, दूसरा, तीसरा
आवृत्तिवाचक विशेषण – दूना, तिगुना, चौगुना
समुदायवाचक विशेषण – दोनों, तीनों, चारों
प्रत्येकबोधक विशेषण – प्रत्येक, हर-एक, दो-दो

**31. 'तिमिर' का पर्यायवाची है -**
(a) प्रकाश (b) रात्रि
(c) सूर्य (d) अन्धकार

**Ans. (d) :** 'तिमिर' का पर्यायवाची शब्द 'अन्धकार' है।
तिमिर के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – तम, अंधेरा, तमिस्त्र।
रात्रि के पर्यायवाची शब्द – रात, निशा, विभावरी, निशीथ, यामिनी, शर्वरी।
सूर्य का पर्यायवाची शब्द – सूरज, रवि, दिनकर, दिवाकर, प्रभाकर, अंशुमाली, भास्कर।
प्रकाश का पर्यायवाची शब्द – प्रभा, ज्योति, उजाला, रोशनी।

**32. 'हुताशन' पर्यायवाची है-**
(a) निर्धन (b) अग्नि
(c) अगणित (d) अखंड

**Ans. (b) :** 'हुताशन' का पर्यायवाची शब्द 'अग्नि' है।
अग्नि के अन्य पर्यायवाची शब्द – आग, पावक, दहन, अनल।
'निर्धन' का पर्यायवाची शब्द है – गरीब, विपन्न।
'अखण्ड' का पर्यायवाची शब्द है – अक्षय, अक्षुण्ण, अभंग।

**33. निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है -**
(a) याज्ञवल्क (b) सदृश
(c) हस्तक्षेप (d) गृहिणी

**Ans. (a) :** 'याज्ञवल्क' शब्द की वर्तनी अशुद्ध है। इसकी शुद्ध वर्तनी 'याज्ञवल्क्य' है। शेष शब्दों सदृश, हस्तक्षेप, गृहिणी की वर्तनी शुद्ध है।

**34. 'चौथा' का तत्सम शब्द है -**
(a) चतुष्पद (b) चतुष्क
(c) चतुष्काठ (d) चतुर्थ

**Ans. (d) :** 'चौथा' का तत्सम शब्द 'चतुर्थ' है।
तत्सम – संस्कृत भाषा के वे शब्द जो हिन्दी भाषा में ज्यों का त्यों प्रयुक्त होते हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं।

**35. 'घोड़ा' का उपयुक्त तत्सम शब्द है -**
(a) अश्व (b) घोटक
(c) तुरंग (d) बाजी

**Ans. (b) :** 'घोड़ा' का उपयुक्त तत्सम शब्द 'घोटक' है। जबकि अश्व, बाजि तथा तुरंग घोड़ा के पर्यायवाची शब्द हैं।

**36. 'आवर्तक' का विपरीतार्थक शब्द है -**
(a) प्रवर्तक (b) अनावर्तक
(c) आवृत (d) प्रकर्षक

**Ans. (b) :** 'आवर्तक' का विपरीतार्थक शब्द 'अनावर्तक' है। निम्न शब्दों के विपरीतार्थक शब्द –

| शब्द | - | विपरीतार्थक शब्द |
|---|---|---|
| प्रवर्तक | - | अप्रवर्तक |
| आवृत | - | अनावृत |
| प्रकर्ष | - | अपकर्ष |
| अज्ञ | - | विज्ञ |

**37. 'जो किसी विषय का ज्ञाता हो' के लिए एक शब्द है -**
(a) अभिज्ञ (b) चैतन्य
(c) विशिष्ट (d) विशेषज्ञ

**Ans. (d) :** 'जो किसी विषय का ज्ञाता हो' के लिए एक शब्द 'विशेषज्ञ' है।

**38. 'बिजली' का पर्याय है -**
(a) शर्वरी (b) तनया
(c) रमणी (d) दामिनी

**Ans. (d) :** 'बिजली' का पर्याय दामिनी है।
बिजली के अन्य पर्याय - चपला, चंचला, तड़ित्, सौदामनी,
तनया का पर्यायवाची – आत्मजा, सुता, दुहिता, पुत्री।
शर्वरी का पर्यायवाची – रात्रि, रात, रजनी, निशीथ, क्षणदा।
रमणी का पर्यायवाची – सुन्दरी, नारी, स्त्री, कान्ता, वनिता, अबला, कामिनी।

**39. 'अपर्णा' शब्द का पर्यायवाची है -**
(a) औरत (b) देवांगना
(c) आराधना (d) पार्वती

**Ans. (d) :** अपर्णा शब्द का पर्यायवाची 'पार्वती' होगा। अपर्णा के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं- गौरी, गिरिजा, पार्वती, भवानी, रुद्राणी।
दिये गये अन्य विकल्पों के पर्यायवाची शब्द निम्न है –

| शब्द | | पर्यायवाची शब्द |
|---|---|---|
| स्त्री | - | स्त्री, वनिता, कान्ता, रमणी, नारी, अबला |
| आराधना | - | प्रार्थना, पूजा, अर्चना |
| देवांगना | - | मेनका, देवबाला, अप्सरा |

**40. निम्नलिखित विकल्पों में से 'चंचरीक' शब्द का पर्यायवाची चुनिए -**
(a) हवा (b) भ्रमर
(c) मित्र (d) पुत्र



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**Ans. (b) :** चंचरीक शब्द का पर्यायवाची भ्रमर होगा।
भ्रमर शब्द के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं – भौंरा, लंपट, मधुप, कामुक, अलि, षट्पद, मधुकर, द्विरेफ
दिये गये अन्य विकल्पों के अन्य पर्यायवाची शब्द निम्न हैं –
हवा – पवन, अनिल, समीर, वायु, बयार
मित्र – सखा, दोस्त, सहचर, सुहृद, संगी
पुत्र – पूत, तनय, लाल, छोरा, आत्मज

**41. 'गोधूम' का तद्भव शब्द है-**
(a) गोत (b) गोद
(c) गेहूँ (d) गोह

**Ans. (c) :** 'गोधूम' का तद्भव शब्द गेहूँ होगा।

| तद्भव शब्द | | तत्सम शब्द |
|---|---|---|
| गोत | - | गोत्र |
| गोद | - | क्रोड |
| गोह | - | गोधा |

**42. 'कोई आदमी आया है' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण है -**
(a) अनिश्चयवाचक (b) निश्चयवाचक
(c) प्रश्नवाचक (d) संबंधवाचक

**Ans. (a) :** 'कोई आदमी आया है' वाक्य में अनिश्चयवाचक विशेषण होगा।
**अनिश्चयवाचक विशेषण–** जिन शब्दों से अनिश्चितता का बोध होता है, उन्हें अनिश्चयवाचक विशेषण कहते हैं।
जैसे :- कल स्कूल में लगभग चालीस विद्यार्थी उपस्थित थे।

**43. 'गौरव का विपरीतार्थक शब्द है -**
(a) वैभव (b) लाघव
(c) पराभव (d) निर्मोक

**Ans. (b) :** 'गौरव' का विपरीतार्थक शब्द 'लाघव' होगा।
दिये गये विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं-

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| वैभव | दैन्य (दारिद्रय) |
| पराभव | विभव |

**44. 'अमृत' का विलोम है**
(a) अर्क (b) पीयूष
(c) मधुर (d) विष

**Ans. (d) :** अमृत का विलोम विष होगा।
दिये गये विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं-

| शब्द | | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| मधुर | - | कटु, कर्कश |
| पीयूष | - | विष |

**45. 'सदाचार' का विलोम है-**
(a) आचार
(b) कदाचार
(c) अपराध
(d) अन्याय

**Ans. (b) :** सदाचार का विलोम शब्द 'कदाचार' होगा।
दिये गये विकल्पों के विलोम शब्द निम्न हैं–

| शब्द | | विलोम शब्द |
|---|---|---|
| आचार | - | अनाचार |
| अपराध | - | निरपराध |
| अन्याय | - | न्याय |

**46. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है -**
(a) अंगना (b) गयंद
(c) अंगी (d) वानर

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में तद्भव शब्द 'गयंद' होगा।
गयंद शब्द का अर्थ गजेन्द्र या हाथी होता है। अन्य शब्द तत्सम हैं। जिसके तद्भव इस प्रकार है-

| तत्सम | | तद्भव |
|---|---|---|
| अंगना | - | आँगन |
| वानर | - | बंदर |

**47. 'जो तोला जा सके' के लिए एक शब्द होगा-**
(a) अपरिमेय (b) अनुमेय
(c) परिमेय (d) विनिमय

**Ans. (c) :** 'जो तोला जा सके' के लिए एक शब्द 'परिमेय' होगा।
अपरिमेय - जो तोला न जा सके
अनुमेय - अनुमान करने योग्य
विनिमय - किसी वस्तु के बदले किसी दूसरी वस्तु का आदान-प्रदान करना।

**48. 'कम बोलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है -**
(a) मितभाषी (b) मृदुभाषी
(c) बहुभाषी (d) अभाषी

**Ans. (a) :** 'कम बोलने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'मितभाषी' होगा। अन्य वाक्यांश इस प्रकार हैं–
बहुभाषी - अधिक बोलने वाला।
मृदुभाषी - मधुर बोलने वाला।

**49. निम्नांकित में से तद्भव शब्द चुनिए -**
(a) बलवान (b) बाँझ
(c) चमचा (d) आसमान

**Ans. (b) :** निम्नांकित विकल्पों में 'बाँझ' शब्द तद्भव होगा।
**तद्भव शब्द–** संस्कृत के वे शब्द जो मूल शब्द से परिवर्तित होकर हिन्दी में प्रयोग होते हैं तद्भव शब्द कहलाते हैं। जैसे- आग, मोर, नौ, फूल इत्यादि।
**तत्सम शब्द –** संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी में ज्यों के त्यों प्रयोग होते हैं तत्सम कहलाते हैं। जैसे- आम्र, अग्नि, पुष्प।

**50. 'जिसकी आशा न की गयी हो' के लिए उपयुक्त एक शब्द है -**
(a) आशातीत (b) अप्रत्याशित
(c) आशान्वित (d) प्रत्याशा

**Ans. (b) :** 'जिसकी आशा न की गयी हो' वाक्यांश के लिए एक शब्द 'अप्रत्याशित' होगा।
आशातीत – जो आशा से अधिक हो।


GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"

**51. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है -**

(a) अधिन (b) अधीन
(c) आधीन (d) आधिन

**Ans. (b) :** दिये गये विकल्पों में शुद्ध वर्तनी वाला शब्द 'अधीन' होगा। अन्य विकल्पों की वर्तनी शुद्ध नहीं है।

**52. निम्नलिखित में से तद्भव शब्द है -**

(a) नग्न (b) दक्षिण
(c) द्राक्षा (d) दाढ़ी

**Ans. (d) :** दिये गये शब्दों में 'दाढ़ी' तद्भव शब्द है जिसका तत्सम दंष्ट्रिका होगा। जबकि नग्न, दक्षिण तथा द्राक्षा तत्सम शब्द है। मूल भाषा संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी भाषा में ज्यों के त्यों प्रयुक्त होते हैं उन्हें 'तत्सम' शब्द कहते हैं। जैसे- आम्र, कर्ण, अर्पण आदि।
मूल भाषा संस्कृत के वे शब्द जिनका हिन्दी में रूप परिवर्तन हो गया है उन्हें 'तद्भव' शब्द कहते हैं। जैसे – आग, आलस, गाहक आदि।

**53. निम्नलिखित शब्दों में से तत्सम शब्द है -**

(a) जोगी (b) जोवन
(c) जमाई (d) यौवन

**Ans. (d) :** दिये गये शब्दों में 'यौवन' तत्सम शब्द है। जबकि जोगी, जोबन तथा जमाई तद्भव शब्द है। संस्कृत के कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो हिन्दी में भी बिना परिवर्तन के प्रयुक्त होते हैं, उन शब्दों को 'तत्सम' कहते हैं। जैसे – घृत, चंद्र, चैत्र आदि।
संस्कृत के कुछ शब्द ऐसे होते हैं जो हिन्दी में कुछ परिवर्तित होकर नये रूप में प्रयोग किये जाते हैं उन शब्दों को 'तद्भव कहते हैं। जैसे- छाता, गर्दन, चाँद आदि।

**54. निम्नलिखित में 'पृथ्वी' का पर्यायवाची शब्द नहीं है -**

(a) इला (b) अचला
(c) अचल (d) अवनि

**Ans. (c) :** दिये गये शब्दों में 'अचल' शब्द पृथ्वी का पर्यायवाची शब्द नहीं है। इला, अचला तथा अवनि 'पृथ्वी' का पर्यायवाची है। 'अचल' शब्द के अन्य पर्यायवाची हैं- अविचल, अटल, अडिग, दृढ़ आदि।

**55. एक वाक्य में विशेषण अशुद्ध है, वह है -**

(a) सुन्दरी लड़की (b) सुन्दर लड़की
(c) सुन्दर लड़का (d) सुन्दर लड़के

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्य 'सुन्दरी लड़की' में विशेषण 'सुन्दरी' अशुद्ध है। इसका शुद्ध वाक्य सुन्दर लड़की होगा।
विशेषण – वे शब्द जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं विशेषण कहलाते हैं।
विशेष्य – विशेषण शब्द से जिसकी विशेषता बतायी जाये, वह 'विशेष्य' कहलाता है।

**56. निम्नलिखित में 'तत्सम' शब्द है -**

(a) पंक्ति (b) पंख
(c) पंदरह (d) पंगत

**Ans. (a) :** दिये गये शब्दों में 'पंक्ति' तत्सम शब्द है जिसका तद्भव पंगत होगा। पंख, पन्द्रह तथा पंगत तद्भव शब्द है। मूल भाषा संस्कृत से लिये गये वे शब्द जिनका प्रयोग ज्यों के त्यों हिन्दी में होता है वे शब्द 'तत्सम' कहे जाते हैं। संस्कृत की परम्परा से पालि, प्राकृत और अपभ्रंश से होकर जो शब्द हिन्दी में आये हैं, जिनका रूप परिवर्तित हो गया है, 'तद्भव' कहलाते हैं।

**57. इसमें से शुद्ध वर्तनी का शब्द है -**

(a) रचइता (b) अनाधिकार
(c) चिन्ह (d) अनुकूल

**Ans. (d) :** दिये गये शब्दों में शुद्ध वर्तनी का शब्द 'अनुकूल' है। अन्य वर्तनी के शुद्ध शब्द इस प्रकार हैं–

| **अशुद्ध शब्द** | | **शुद्ध शब्द** |
|---|---|---|
| रचइता | – | रचयिता |
| अनाधिकार | – | अनधिकार |
| चिन्ह | – | चिह्न |

**58. निम्नलिखित में एक वाक्य जो शुद्ध है, वह है -**

(a) उस जंगल में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।
(b) बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
(c) उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की।
(d) तमाम देश भर में यह बात फैल गयी।

**Ans. (a) :** दिये गये वाक्यों में से शुद्ध वाक्य है 'उस जंगल में प्रातःकाल का दृश्य बहुत ही सुहावना होता था।'

अशुद्ध - बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीती हैं।
शुद्ध - बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।
अशुद्ध - उन्होंने इस बात पर आपत्ति प्रकट की।
शुद्ध - उन्होंने इस बात पर आपत्ति की।
अशुद्ध - तमाम देश भर में यह बात फैल गयी।
शुद्ध - सम्पूर्ण देश में यह बात फैल गयी।

**59. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है -**

(a) पूज्यनीय (b) तत्कालिक
(c) प्रामाणिक (d) पैत्रिक

**Ans. (c) :** दिये गये शब्दों में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है – प्रामाणिक।
प्रामाणिक शब्द में मूल शब्द 'प्रमाण' है। इसमें इक प्रत्यय है।

| **अशुद्ध** | | **शुद्ध** |
|---|---|---|
| पूज्यनीय | - | पूजनीय |
| तत्कालिक | - | तात्कालिक |
| पैत्रिक | - | पैतृक |

**60. जिसकी विशेषता बतायी जाये, उसे कहते हैं -**

(a) विशेषण (b) विशेष्य
(c) सर्वनाम (d) विशेषक

**Ans. (b) :** जिसकी विशेषता बतायी जाये, उसे विशेष्य कहते हैं।
वे शब्द जिनमें संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बतायी जाये, उसे 'विशेषण' कहते हैं।
विशेषण की भी विशेषता बताने वाले शब्दों को 'प्रविशेषण' कहते हैं।
वे शब्द जो क्रिया की विशेषता बताते हैं उन्हें 'क्रिया विशेषण' कहते हैं।



GET IT ON Google Play Best Study PDF के लिए हमारी App को Download करें "GK Trick By Nitin Gupta"